ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 04 मार्च 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 353

सुप्रीम कोर्ट बोला- राज्य सरकारें सस्ता इलाज देने में नाकाम : इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिला; केंद्र सरकार जरूरी गाइडलाइन बनाए



24 न्यूज अपडेट

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा, 'राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए।


जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने इस पर सुनवाई की। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो।

जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा- इसे कैसे नियंत्रित करें?

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं।' कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनाने को कहा, जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों को नोटिस भेजा था। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने जवाब दाखिल किए थे। दवाइयों की कीमतों के मुद्दे पर राज्यों ने कहा कि वे केंद्र सरकार के प्राइस कंट्रोल ऑर्डर पर निर्भर हैं। केंद्र सरकार ही तय करती है कि किस दवा की क्या कीमत होगी।

निफ्टी में लगातार 10वें दिन गिरावट:ये 36 अंक गिरकर 22,082 पर बंद, सेंसेक्स में 96 अंक की गिरावट रही; बैंकिंग शेयर चढ़े

बीते हफ्ते 2,113 अंक गिरा शेयर बाजार



24 न्यूज अपडेट

आज यानी मंगलवार (4 मार्च) को निफ्टी लगातार 10वें दिन गिरकर 22,082 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 36 अंकों की गिरावट रही। वहीं सेंसेक्स 96 अंक गिरकर 72,990 के स्तर पर आ गया है।

ऑटो और आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.31% गिरा। वहीं आईटी इंडेक्स में 0.90% की गिरावट रही। मीडिया में 2.37% और सरकारी बैंकों के इंडेक्स में 1.56% की तेजी रही। मेटल और ऑयल एंड गैस इंडेक्स करीब 0.5% चढ़े।

ग्लोबल मार्केट में गिरावट

एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 1.20% की गिरावट रही। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.28% गिरा है। चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.22% ऊपर बंद हुआ।

3 मार्च को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 11,639 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 12,308 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

3 मार्च को अमेरिका का डाओ जोंस 1.48% गिरकर 43,191 के स्तर पर बंद हुआ। S&P 500 में 1.76% और नैस्डेक कंपोजिट में 2.64% की गिरावट रही।

भारत में 1 करोड़ नौकरियों का मौका, 2050 तक 2 ट्रिलियन डॉलर का होगा बाजार



नई दिल्ली: भारत में सर्कुलर इकॉनमी न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का जरिया भी बन रही है. केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि 2050 तक भारत की सर्कुलर इकॉनमी 2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की हो सकती है. करीब 1 करोड़ नई नौकरियां पैदा होने की संभावना है. रिसाइकलिंग, अपशिष्ट प्रबंधन और पुनः उपयोग आधारित उद्योगों के बढ़ने से यह क्षेत्र रोजगार के नए अवसरों का बड़ा केंद्र बन सकता है.

जयपुर में कार्यक्रम: जयपुर में आयोजित एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वें क्षेत्रीय 3 आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम में बोलते हुए यादव ने बताया कि मिशन सर्कुलर इकोनॉमी के तीन प्रमुख सिद्धांत हैं. अपशिष्ट और प्रदूषण को खत्म करना, उत्पादों और सामग्रियों को प्रसारित करना और प्रकृति को पुनर्जीवित करना. मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत सरकार के समग्र प्रयासों के माध्यम से सर्कुलर अर्थव्यवस्था को सक्षम बनाने के लिए नीतियों को आकार देने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है.

उन्होंने संसाधनों पर निर्भरता को कम करने और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए सर्कुलर अर्थव्यवस्था की सोच के साथ उत्पादन प्रणालियों के सुसंगत होने के महत्व पर जोर दिया. यादव ने कहा, "सर्कुलर इकोनॉमी 250 वर्ष पहले हुई औद्योगिक क्रांति के बाद से व्यापार में सबसे बड़े बदलावों में से एक को आगे बढ़ाने की कगार पर है." उन्होंने भविष्यवाणी की कि 2030 तक यह विश्व अर्थव्यवस्था में 4.5 ट्रिलियन डॉलर और जोड़ सकती है।

सर्कुलर इकोनॉमी फोरम 2026 की मेजबानी: भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत 2026 में विश्व सर्कुलर इकोनॉमी फोरम (WCEF) की मेजबानी करने के लिए तैयार है. यह सर्कुलर इकोनॉमी समाधानों के आदान-प्रदान के लिए एक विश्व मंच है. 2025 का संस्करण ब्राजील के साओ पाउलो में आयोजित किया जाएगा. उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष विश्व सर्कुलर इकोनॉमी फोरम (डब्ल्यूसीईएफ) का आयोजन किया जाता है. भारत ने विश्व सर्कुलर इकोनॉमी फोरम-2026 की मेजबानी करने में रुचि दिखाई है.

रीसाइक्लिंग में भारत आगे: पर्यावरण मंत्री ने बताया कि भारत में 3,500 से अधिक रीसाइक्लिंग सुविधाएं हैं जो हर साल लगभग 45 मिलियन मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण करती हैं. उन्होंने सर्कुलर अर्थव्यवस्था प्रथाओं को आगे बढ़ाने के लिए एशिया-प्रशांत देशों के साथ सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया. सर्कुलर अर्थव्यवस्था को केवल एक व्यवसाय मॉडल के रूप में देखने के खिलाफ चेतावनी दी. कहा कि इसे छोटे उद्यमों से लेकर अंतर्राष्ट्रीय उद्योगों तक सभी स्तरों पर सुचारू रूप से काम करने की आवश्यकता है.

PTET 2025: 15 जून को आयोजित होगी परीक्षा, 5 मार्च से 7 अप्रैल के बीच कर सकेंगे आवेदन



24 न्यूज अपडेट

कोटा: राजस्थान के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज दो व चार वर्षीय बीएड कोर्स की एक लाख सीटों के लिए एंट्रेंस एग्जाम करवाने की जिम्मेदारी एक बार फिर वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी (VMOU) कोटा को मिली है. इस प्री टीचर एजुकेशन टेस्ट (PTET 2025) के लिए 5 मार्च बुधवार से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो जाएंगे. इसकी अंतिम तिथि 7 अप्रैल है. यह प्रवेश परीक्षा 15 जून को आयोजित होगी. वीएमओयू के कुलपति प्रो कैलाश सोडाणी ने बताया कि बीएड इंटीग्रेटेड व केवल बीएड दोनों कोर्स में प्रवेश के लिए कैंडिडेट इसमें आवेदन कर सकते हैं. 15 जून को एग्जाम के 1 महीने बाद ही जुलाई के मध्य में रिजल्ट जारी किया जाएगा. अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट www.ptetvmoukota2025.com पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. इसके लिए निर्धारित 500 रुपए फीस ऑनलाइन ही जमा करनी होगी. आपको बता दें कि साल 2024 में PTET परीक्षा में 4.28 लाख रजिस्ट्रेशन हुए थे, जिनमें से करीब 3.8 लाख उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी.

रिलायंस को 24,522 करोड़ का डिमांड नोटिस मिला:मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस ने कंपनी को यह नोटिस भेजा



24 न्यूज अपडेट

भारत सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज को 2.81 बिलियन डॉलर यानी 24,522 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस भेजा है। कंपनी को यह नोटिस मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस की तरफ से मिला है। कंपनी को यह नोटिस दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के बाद जारी किया गया। यह मामला ONGC ब्लॉक (KG-D6) से जुड़ा है। जिसके तहत रिलायंस पर आरोप है कि उसने ONGC ब्लॉक से गैस का माइग्रेशन किया था। यह मामला इंटरनेशनल कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद इंटरनेशनल आर्बिट्रेटर ने रिलायंस लेड कंसोर्टियम के पक्ष में साल 2018 में 1.55 बिलियन डॉलर यानी 13,528 करोड़ रुपए का फैसला सुनाया था।

मई 2023 में सिंगल जज बेंच ने रिलायंस के पक्ष में फैसला सुनाया था

इस फैसले के खिलाफ भारत सरकार की तरफ से दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। मई 2023 में सिंगल जज बेंच ने रिलायंस के पक्ष में फैसला सुनाया था। सरकार की तरफ से दोबारा डिविजन बेंच के सामने इसे चुनौती दी गई।

अब दिल्ली हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने सिंगल जज की इस रूलिंग को पलट दिया है। जिसके बाद भारत सरकार की तरफ से रिलायंस इंडस्ट्रीज को यह फ्रेश डिमांड नोटिस भेजा गया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर आज 0.41% गिरा

रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर आज मंगलवार (4 मार्च) को 0.41% की गिरावट के साथ 1,166 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहा है। कंपनी का शेयर पिछले 5 दिन में 3.05% और एक महीने में 9.26% गिरा है। वहीं पिछले 6 महीने में इसमें 23.00% और एक साल में 22.64% की गिरावट रही।

रिलायंस को तीसरी तिमाही में 18,540 करोड़ का मुनाफा

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 16 जनवरी को वित्त वर्ष 2024-25 के तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। तीसरी तिमाही में कंपनी को 18,540 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 7.38% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की इसी तिमाही में कंपनी का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 17,265 करोड़ रुपए रहा था। वहीं अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू 2.44 लाख करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 2.28 लाख करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। सालाना आधार पर इसमें 7% की बढ़ोतरी हुई है। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है।

सर्बिया की संसद में विपक्ष का स्मोक ग्रेनेड से हमला:2 सांसद घायल, एक की हालत गंभीर



24 न्यूज अपडेट

यूरोपीय देश सर्बिया की संसद में मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने स्मोक ग्रेनेड फेंके। विपक्ष ने यह प्रदर्शन सरकार की नीतियों के विरोध और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में किया।

सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने जैसे ही सत्र के एजेंडे को मंजूरी दी, कुछ विपक्षी नेता अपनी कुर्सी से उठकर स्पीकर की कुर्सी की तरफ दौड़ पड़े।

उन्होंने सदन में स्मोक ग्रेनेड फेंक दिया, जिससे सदन में काला धुआं भर गया। इस दौरान उनकी सिक्योरिटी गार्ड्स से हाथापाई भी हुई।

प्रधानमंत्री के इस्तीफे पर होनी थी चर्चा

सर्बियाई संसद में मंगलवार को देश की यूनिवर्सिटीज के लिए धनराशि बढ़ाने वाला कानून पारित होना था। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक के इस्तीफे पर भी चर्चा होनी थी। लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन की तरफ से पेश किए गए एजेंडे के अन्य मुद्दों ने विपक्ष को नाराज था। इसके बाद यह हंगामा हुआ। स्पीकर एना ब्रनाबिक ने कहा कि इस हमले से दो सांसद घायल हो गए हैं, जिनमें से एक सांसद जैस्मिना ओब्राडोविक की हालत गंभीर है। स्पीकर ने कहा कि संसद अपना काम करना जारी रखेगी।

खट्टर बोले- नीतीश के नेतृत्व में NDA सरकार बनाएंगे:नारा दिया- बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार; दिलीप जायसवाल बिहार भाजपा अध्यक्ष बने



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को भाजपा के कार्यक्रम में ऐलान किया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2025 विधानसभा चुनाव में NDA की सरकार बिहार में बनाएंगे। पटना के बापू सभागार में आयोजित प्रदेश परिषद की बैठक में उन्होंने नारा दिया- बिहार है तैयार फिर से NDA सरकार। बैठक में BJP के प्रदेश अध्यक्ष पद पर दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की गई।

मनोहर लाल खट्टर ने कहा- नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर से NDA की सरकार बनवाएं। जातिवाद से ऊपर उठ कर काम करना है। मोदी जी ने जाति से ऊपर उठकर कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न दिया है। शहरी विकास और पावर डिपार्टमेंट मेरे पास है, बिहार की जो जरूरत है बताइए, हम मदद करेंगे। मंत्री जीवेश मिश्रा को भी बोल दिया हूं।' BJP में न कोई पहला, न कोई आखिरी


डिप्टी CM सम्राट चौधरी ने कहा, 'अगले 6 महीने में सभी कार्यकर्ता लगकर सभी सीट को भाजपा की सीट समझकर जिताने का काम करें। 2025 में हम 200 प्लस सीटों के साथ NDA सरकार बनाएंगे।'

वहीं, विजय सिन्हा ने कहा, 'BJP दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी केवल संख्या से नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की ऊर्जा से है। BJP में न कोई पहला होता है और न आखिरी। यहां पद नहीं, दायित्व मिलता है। पार्टी परिवारवाद से नहीं, कार्यकर्ताओं से आगे बढ़ती है। BJP के कार्यकर्ता तुलसी के पत्ते की तरह हैं।'

कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, डिप्टी CM सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सांसद राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद, संजय जायसवाल मौजूद हैं। इनके अलावा प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक के 15 हजार कार्यकर्ता शामिल हैं।

औरंगजेब विवाद- सपा विधायक अबू आजमी ने बयान वापस लिया

कहा था- औरंगजेब ने मंदिर बनवाए, वह क्रूर शासक नहीं था



24 न्यूज अपडेट

मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ से शुरू हुए विवाद के बाद महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने अपना बयान वापस ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा- मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है। लेकिन फिर भी मेरी बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं।

बीते दिन आजमी ने कहा था कि- हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं। मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई हिंदू और मुसलमान को लेकर थी, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता। विवाद बढ़ने पर अबू आजमी ने कहा- इसे हिंदू-मुसलमान एंगल न देंविवाद बढ़ने पर अबू आजमी ने कहा था- औरंगजेब ने मंदिरों के साथ मस्जिदों को भी नष्ट किया। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होता, तो 34% हिंदू उसके साथ नहीं होते। उसके शासनकाल में भारत को स्वर्ण चिड़िया कहा जाता था। इसे हिंदू-मुसलमान एंगल से नहीं देखना चाहिए।

सपा विधायक ने आगे कहा था- औरंगजेब ने 52 वर्ष शासन किया और अगर वह सच में हिंदुओं को मुसलमान में परिवर्तित करते, तो सोचिए कितने हिंदू परिवर्तित हो जाते। 1857 की विद्रोह में जब मंगल पांडे ने लड़ाई शुरू की, तो उसका साथ सबसे पहले मुसलमान बहादुर शाह जफर ने दिया था। वहीं, डिप्टी CM एकनाथ शिंदे ने बयान का विरोध करते हुए कहा था कि अबू आजमी पर देशद्रोह का मुकदमा चलना चाहिए।

संपादकीय : उतार पर बाजार

भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशक लगातार पलायन कर रहे हैं। पिछले महीने शेयर बाजार में हुई भारी गिरावट से गहरी चिंता पैदा हो गई। बीते एक महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों यानी एफपीआइ ने चौंतीस हजार पांच सौ चौहत्तर करोड़ रुपए निकाल लिए। बाजार में गिरावट का यह रुख अक्तूबर से ही बना हुआ है। तब से लेकर अब तक भारतीय शेयर बाजार से करीब एक लाख करोड़ डालर से अधिक की निकासी हो चुकी है। यह अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं है। बताया जा रहा है कि 2008 की वैश्विक मंदी के बाद विदेशी निवेशकों में यह सबसे बड़ा अफरातफरी का माहौल है। हालांकि सरकार इसे लेकर बहुत चिंतित नजर नहीं आ रही । वह अब भी यह बताते नहीं थक रही कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है। जबकि हकीकत यह है कि विदेशी निवेशकों के भारतीय बाजार से पलायन का बड़ा कारण यहां की अर्थव्यवस्था का लगातार कमजोर होते जाना है। एफपीआइ में यह भरोसा नहीं रह गया है कि भारतीय बाजार में उन्हें उचित लाभ मिल पाएगा। हालांकि अमेरिकी और चीनी बाजार में भारत की तुलना में अधिक मुनाफा मिल रहा है, इसलिए निवेशकों ने उधर का रुख कर लिया है। हालांकि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव कोई नई बात नहीं है, पर जिस तरह लगातार यह उतार पर है, वह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। यह केवल एफपीआइ के पलायन का मामला नहीं है । प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआइ भी लगातार कम हो रहा है। यानी विदेशी कंपनियां भारत में निवेश करना सुरक्षित नहीं मान रहीं भारत में शुद्ध विदेशी निवेश घट कर 15.7 अरब डालर रह गया है। यानी पिछले बारह वर्षों में यह सबसे निचला स्तर है। इसका एक कारण तो यह है कि भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी काफी सिकुड़ चुकी है। बाजार में सुस्ती है। ऐसे में विदेशी कंपनियों के लिए निवेश करना मुनाफे का सौदा नहीं रह गया है। उन्हें यह भी भरोसा नहीं रह गया कि भारतीय बाजार कब तक सुधर पाएगा। सरकार के लिए यह इसलिए चिंता का विषय होना चाहिए कि शेयर बाजार में गिरावट और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में कमी अर्थव्यवस्था को और कमजोर करेगी। फिर यह मामला भारतीय निवेशकों से भी है। अनेक सार्वजनिक कंपनियां शेयर बाजार में जो पैसा लगाती हैं, वह आम लोगों की जमापूंजी होती है। जब विदेशी निवेशक अपना पैसा निकाल कर पलायन करते हैं, तो नुकसान आखिरकार भारतीय नागरिकों को उठाना पड़ता है। बाजार में उतार का असर व्यावहारिक धरातल पर साफ नजर आने लगा है। महंगाई पर काबू पाना अब भी चुनौती है। पिछले आठ-नौ वर्षों से लोगों की आमदनी में कोई बड़ोतरी नहीं हुई है। बेरोजगारी कम होने का नाम नहीं ले रही। इसका ही असर है कि विनिर्माण क्षेत्र संकट के दौर से गुजर रहा है। सेवा, खनन, वाहन, भवन निर्माण आदि क्षेत्रों में सुस्ती बनी हुई है। निर्यात के मोर्चे पर कोई बेहतरी नजर नहीं आ रही। ये सारी स्थितियां विदेशी निवेशकों का भरोसा कमजोर कर रही हैं। यह बात कई बार रेखांकित की जा चुकी है कि कुछ कंपनियों का मुनाफा बढ़ने से पूरी अर्थव्यवस्था की सूरत नहीं बदल सकती। इसके लिए बुनियादी समस्याओं को दूर करना जरूरी है। अगर अब भी सरकार इन संकेतों से सबक लेते हुए व्यावहारिक कदम नहीं उठाती, तो दुश्वारियां और बढ़ेंगी ही।

बेतुके बयान

पिछले कुछ समय से ऐसा लगता है कि जो नेता आम लोगों के समर्थन से राजनीति, सत्ता और तंत्र में अपनी जगह बनाते हैं, वे बाद में किसी समस्या के लिए जनता को ही कठघरे में खड़ा करना शुरू कर देते हैं। आए दिन अलग-अलग पार्टियों से जुड़े नेता बिना सोचे-समझे ऐसे बयान दे देते हैं, जो कई लिहाज से आपत्तिजनक होता है । पद या सत्ता का सुरक्षित घेरा मिल जाने के बाद आम लोगों की अहमियत को नकार देना और दुखी या अपमानित करने वाले बयान देना एक बड़ी राजनीतिक विडंबना है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि लोगों को मांगने की आदत पड़ गई है, अब तो वे सरकार से भीख मांगने के भी आदी होने लगे हैं। खबरों के मुताबिक, उन्होंने यह भी कहा कि हमेशा लेने के बजाय देने की मानसिकता विकसित करें। संबंधित मंत्री का इस तरह का बयान वैसे समय में आया है, जब देश भर में सरकारों द्वारा जनता को दी जाने वाली मुफ्त की सौगातों की होड़ बहस के घेरे में है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि चुनावी जीत हासिल करने के लिए सरकार बनने पर कई तरह की सुविधाएं और सेवाएं मुफ्त मुहैया कराने का आखिर क्या औचित्य है। सवाल है कि जिस नेता को मुफ्त सुविधाओं पर आपत्ति है, क्या वे देश की अन्य पार्टियों के साथ-साथ अपनी पार्टी के सामने ईमानदारी से यह सवाल रख सकेंगे कि वे चुनावों में जीत के लिए मुफ्त की सौगात की लोकलुभावन घोषणाएं क्यों करती हैं ? जनता आज अगर सरकारों की ओर से कोई चीज या सेवा मुफ्त में मिलने की उम्मीद करने लगी है, तो इसके पीछे मुख्य कारण यही है कि बीते कुछ वर्षों से चुनावी जीत के लिए नेताओं के मुफ्त की सौगात देने के वादे हैं। ऐसे में केवल जनता पर सवाल उठाने के बजाय जरूरत है कि नेता अपनी और पार्टियों की ओर झांकें, जो जनता को रोजगार देने या उन्हें सक्षम बनाने की वकालत करने के बजाय मुफ्त सुविधाएं और तोहफे देने की होड़ में लगी हैं।

उदयपुर कोर्ट का बड़ा फैसला: कुख्यात अपराधी इमरान कुंजड़ा को उम्रकैद



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर – एससी/एसटी विशेष अदालत ने मंगलवार को बहुचर्चित हत्या के मामले में कुख्यात अपराधी इमरान कुंजड़ा को आजीवन कारावास और दो लाख रुपये के आर्थिक दंड की सजा सुनाई। यह फैसला मई 2009 में उदयपुर कोर्ट परिसर के अंदर हुई वसीम उर्फ चूहा की निर्मम हत्या के मामले में सुनाया गया। इमरान कुंजड़ा की सजा से खत्म हुआ खौफ, गैंग के अन्य गुर्गों पर भी पुलिस की नजर इमरान कुंजड़ा की उम्रकैद की सजा ने उदयपुर में उसके खौफ के युग का अंत कर दिया, लेकिन अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि पुलिस उसके बाकी गुर्गों – मुजफ्फर उर्फ गोगा और सद्दाम कांकरोली – को संगठित होने से कैसे रोके। इमरान के गिरोह में ये अपराधी भी कई संगीन मामलों में संलिप्त रहे हैं और शहर के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं।

हत्या की साजिश जेल में ही बनी, धारदार हथियार लेकर पहुंचा था इमरान

विशेष लोक अभियोजक राकेश मोगरा के अनुसार, इमरान कुंजड़ा अंबामाता थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है और 14 मई 2009 को पुलिस उसे पेशी के लिए अदालत लाई थी। उसी दिन पुलिस ने वसीम उर्फ चूहा को भी पेशी के लिए कोर्ट में लाया और दोनों को कोर्ट परिसर की बैरक में रखा गया था। लेकिन यह केवल संयोग नहीं था। इमरान ने पहले ही हत्या की पूरी साजिश जेल में रची थी। उसने सेंट्रल जेल में एक जग का हत्था तोड़कर उससे धारदार हथियार तैयार किया और इसे चोरी-छिपे कोर्ट तक ले आया। बैरक में मौका मिलते ही उसने वसीम पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी नृशंस हत्या कर दी। पुलिस ने पेश किए मजबूत सबूत, अदालत ने सुनाई कठोर सजा इस हत्याकांड की सुनवाई के दौरान 28 गवाहों के बयान, 59 दस्तावेजों और 4 महत्वपूर्ण सबूतों को अदालत में पेश किया गया। मजबूत सबूतों और गवाहों के बयानों के आधार पर विशेष अदालत ने इमरान कुंजड़ा को उम्रकैद और दो लाख रुपये के आर्थिक दंड की सजा सुनाई।

49 गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है इमरान कुंजड़ा

इमरान कुंजड़ा का आपराधिक इतिहास बेहद खतरनाक रहा है। वह अंबामाता थाने का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला, फायरिंग, फिरौती, अपहरण, आर्म्स एक्ट जैसे संगीन अपराधों में 49 से अधिक मामले दर्ज हैं।

ग्रामीणों और आदिवासियों को आतंकित कर हड़पता था जमीनें

इमरान कुंजड़ा ने गरीब ग्रामीणों और आदिवासी समुदाय को डरा-धमकाकर उनकी जमीनें हड़पने का एक अपराध साम्राज्य खड़ा कर रखा था। वह स्थानीय भूमाफियाओं के लिए काम करता था और कमजोर वर्ग के लोगों की जमीनों पर कब्जा कर, उन्हें औने-पौने दामों में बेच देता था।

अपराध की दुनिया में इमरान कुंजड़ा का आतंक

भूमाफियाओं का खास गुर्गा: गरीबों की जमीनें हड़पकर दलालों के जरिए बड़े बिल्डर्स और व्यापारियों को बेचता था।

फिरौती और अपहरण: सवीना क्षेत्र में एक भू-व्यवसायी का अपहरण कर मोटी फिरौती की मांग कर चुका था।

मीना देवी के हत्यारों को फांसी देने की मांग, वल्लभनगर में जंगी प्रदर्शन



24 न्यूज अपडेट

मीना देवी मेनारिया हत्याकांड के विरोध में समाजजन ने मंगलवार को वल्लभनगर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और आरोपियों को फांसी देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मीना देवी मेनारिया की हत्या 27 फरवरी को उनके धर्म के भाई रमेश गाडोलिया निवासी वाना ने की थी। यह घटना भदेसर थाना क्षेत्र के हाज्या खेड़ी में हुई, जहां हत्या के बाद शव को पुलिया पर फेंक दिया गया। इस निर्मम हत्या के बाद समाज में आक्रोश फैल गया। समाजजन ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिलाने, परिवार को न्याय और सुरक्षा प्रदान करने तथा प्रशासन से जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करने की मांग की। सैकड़ों समाजजन एसडीएम कार्यालय पहुंचे और न्याय की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि हत्यारे को कठोरतम सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। प्रशासन ने समाजजन को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी और अपराधी को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए उचित कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

उदयपुर में फर्जी आधार कार्ड बनाकर बेची जमीन, बेचान के रुपयों से खरीदी ट्रैक्टर-ट्रॉली और बोलेरो



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर की बड़गांव थाना पुलिस ने फर्जी और कूटरचित आधार कार्ड बनाकर जमीन बेचने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लक्ष्मण पिता मगनीराम निवासी कविता हाल डामरिया फला लखावली को गिरफ्तार किया है। जमीन बेचकर मिले पैसों से ट्रेक्टर की ट्रॉली और बोलेरो गाडी भी जब्त की है।

फर्जी दस्तावेज बना कर जमीन बेची

थानाधिकारी पूरणसिंह राजपुरोहित ने बताया कि प्रार्थी रूपलाल पिता धुला निवासी गोगुंदा ने 29 जनवरी 2025 को थाने में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि मेरी खातेदारी कृषि भूमि बड़गांव के खुमाणपुरा पटवार हल्का ईसवाल में है। जिसमें उसके और उसके भाई का 1/2 हक व हिस्सा शामिल है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम का फर्जी व कूटरचित आधार कार्ड बनाकर उसकी जमीन किसी मांगीलाल नाम के व्यक्ति को बेच दी। जिसकी जानकारी उसे उप पंजीयन विभाग से नकल प्राप्त करने पर हुई।

मांगीलाल और गवाह इरफान खान और शबीर अली केसरीयावाला ने मिलकर उसे स्वामित्व की खातेदारी भूमि बेची। इस मामले में पुलिस पूर्व में फर्जी खातेदार बनने वाले हेमराज उर्फ हेमा पिता मांगीलाल को गिरफ्तार कर चुकी है। जो फिलहाल जेल में है। मामले में आगे भी जांच जारी है।

बोर्ड परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू: बांसवाड़ा में लाउड स्पीकर और डीजे बजाने पर 27 मई तक लगाई रोक, कलेक्टर के आदेश



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा में तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने पर रोक लगाई गई है। बांसवाड़ा के जिला कलेक्टर डॉ इंद्रजीत यादव ने इस संदर्भ में आदेश जारी किया है। बांसवाड़ा सहित पूरे राजस्थान में बोर्ड और विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। इस दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर अंकुश के लिए जिला कलेक्टर ने आदेश जारी कर इन पर रोक लगा दी है। कलेक्टर के आदेश अनुसार 21 मई तक तेज आवाज में बजने वाले लाउड स्पीकर पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आदेश में स्पष्ट किया कि वर्तमान में केन्द्रीय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा हो रही है। इस माह से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर एवं विश्व विद्यालय की परीक्षाएं प्रारम्भ होनी है। लाउड स्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्रों से उत्पन्न कोलाहल विद्यार्थियों, आम जनता, बीमार, वृद्धजनों एवं ध्यान करने वालों के लिए असुविधाजनक हो सकता है।यदि किसी को धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक कार्यक्रमों के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग करना है, तो पहले उपखंड स्तर पर प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के लाउडस्पीकर चलाने पर संबंधित संचालक और आयोजक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (RBSE) के जारी टाइम टेबल के अनुसार 10वीं-12वीं की परीक्षा 6 मार्च से शुरू होंगी। 10वीं की परीक्षा 1 अप्रैल और 12वीं की 5 अप्रैल तक चलेगी। दोनों एग्जाम में करीब 20 लाख स्टूडेंट्स शामिल होंगे।

त्योहारों पर अपराधियों पर कड़ी नजर रखेगी पुलिस: एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक, कानून व्यवस्था बनाए रखने पर जोर



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर में एसपी मोनिका सेन ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिले की कानून व्यवस्था और अपराधों की रोकथाम पर चर्चा हुई। होली त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एरिया डोमिनेशन अभियान चलाने पर चर्चा हुई। क्राइम मीटिंग में एडिशनल एसपी अशोक मीणा, एएसपी रतन चावला समेत सभी डीएसपी और थानाधिकारी उपस्थित थे। एसपी ने जनवरी और फरवरी माह के दौरान दर्ज मामलों की थानावार समीक्षा की। उन्होंने जिले में आपराधिक घटनाओं और कानून व्यवस्था का फीडबैक लिया।

एसपी ने थानाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। लंबित मामलों को जल्द निपटाने को कहा। चोरी की वारदातों का खुलासा करने पर जोर दिया। थाने में आने वाले शिकायतकर्ताओं को धैर्य से सुनने और उनकी संतुष्टि का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

महिला अपराध, संपत्ति विवाद और शराब तस्करी पर विशेष ध्यान देने को कहा। होली त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एरिया डोमिनेशन अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

मधुमक्खियों के हमले से मूक बधिर किसान की मौत

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। डूंगरपुर के सदर थाना क्षेत्र के धमाला गांव में मधुमक्खियों के हमले से एक मूक-बधिर किसान की जान चली गई। मृतक की पहचान 20 वर्षीय कैलाश पुत्र गटू ननोमा के रूप में हुई है। सोमवार को कैलाश अपने खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक पेड़ों से मधुमक्खियों का झुंड उड़कर उस पर टूट पड़ा। दर्द से तड़पते हुए वह किसी तरह घर पहुंचा, जहां परिवार के सदस्यों ने घरेलू उपचार किया, लेकिन असहनीय पीड़ा के कारण वह भोजन भी नहीं कर सका। मंगलवार सुबह उसकी हालत और ज्यादा बिगड़ गई। परिजन उसे डूंगरपुर अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी में रखवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। कैलाश तीन बहनों का इकलौता भाई था। इस घटना को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

REET एग्जाम में जनेऊ उतरवाने के विरोध में प्रदर्शन : रैली निकालकर एसडीएम दफ्तर पहुंचे युवा, उदयपुर में कलेक्टर को दिया ज्ञापन



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर में REET के दौरान परीक्षार्थियों से जनेऊ उतरवाने के मामले में आज झाड़ोल में विप्र सेना ने प्रदर्शन किया। ब्राह्मण समाज के युवा झाड़ोल के कोर्ट चौराहा पर एकत्रित हुए और रैली के रूप में नारे लगाते हुए एसडीएम ऑफिस पहुंचे। वहां विप्र सेना झाड़ोल के सुरेश पांडिया के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर जनेऊ उतारने वाले स्कूल स्टाफ को दोषी मानते हुए सजा देने की मांग की। बता दें कि 28 फरवरी को REET के दूसरे दिन परीक्षार्थियों की जांच के दौरान पुनाली के स्वामी विवेकानंद कॉलेज में हेमेंद्र कुमार जोशी और मयंक पुरोहित का जनेऊ उतरवाया गया था। इसी तरह सुंदरपुर सेंटर पर पिंकल उपाध्याय का जनेऊ उतरवाने का मामला सामने आया था। इधर, विप्र फाउंडेशन (जोन-1A) उदयपुर की ओर से मुख्यमंत्री के नाम उदयपुर कलेक्टर नमित मेहता को भी ज्ञापन दिया गया, जिसमें परीक्षार्थियों की जबरन जनेऊ (यज्ञोपवीत) उतरवाने की घटना का जिक्र करते हुए दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। विप्र फाउंडेशन (जोन-1A) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पालीवाल के नेतृत्व में ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल में शामिल विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री के. के. शर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवीन्द्र श्री माली, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओम जोशी ने इस मामले को लेकर नाराजगी जताई।

इस दौरान गिरीश जोशी, प्रदेश महामंत्री राकेश जोशी, प्रदेश सचिव अनिल पचौरी, उदयपुर शहर जिलाध्यक्ष मगन जोशी, पूर्वी देहात जिलाध्यक्ष केशव व्यास, शिक्षा प्रकोष्ठ के डा.एच आर दवे, युवा शाखा के शहर जिलाध्यक्ष लोकेश मेनारिया, प्रदेश सचिव इंदर मेनारिया, पूर्व पार्षद भरत जोशी, मुकेश शर्मा, लोकेश गौड आदि मौजूद थे।

मंदिर के दानपात्र से रूपये चोरी करने की घटना का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। मंगलवाड़ थाना पुलिस में लोठियाना गांव के मंदिर के दानपात्र से रुपए चोरी करने की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि प्रार्थी मंगलवाड़ थाने के लोठियाना निवासी सुरेश चन्द्र जाट ने दिनांक 27 फरवरी 2025 को एक रिपोर्ट पेश की कि आज दिन में 4 से 5 बजे के बीच ठाकुर जी के दानपात्र को तोड उसमे से करीब 5 से 6 हजार रूपए अज्ञात आरोपी चुरा कर ले गया है वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरितासिंह के निर्देशन में व डीवाईएसपी बडीसादडी देशराज कुलदीप के सुपरविजन में थानाधिकारी भगवानलाल तथा पुलिस जाप्ते द्वारा चोरी का पर्दाफाश कर मंदिर के दानपात्र से चोरी करने वाले आरोपी भमरू उर्फ भंवर लाल पिता शंकर लाल मेघवाल उम्र 29 साल जाति मेघवाल पैशा मजदुरी निवासी धन्ना की भागल थाना आकोला जिला चितौडगढ को गिरफ्तार कर चोरी की गई राशि तथा ताला तोड़ने में प्रयुक्त लौहे की मोटी पती बरामद की है। पुलिस टीम:- थानाधिकारी भगवानलाल, एएसआई प्रेमनाथ ,हैडकानि ईश्वर सिंह, कानि टंवरसिंह,शंकर कृष्ण

बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम के तहत राजस्थान पुलिस की पहली कार्यवाही

प्रतापगढ़ के भूमाफिया जानशेर की 12 करोड़ बाजार कीमत की प्रोपर्टी फ्रीज

अवैध तरीकों से डरा धमका कर बनाई थी संपत्ति, धमकाने पर प्रतिष्ठित व्यक्ति मुस्तफा बोहरा ने कर ली थी आत्महत्या

तत्कालीन एसपी प्रतापगढ़ अमित कुमार ने संपत्ति कुर्क करने के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट बना आयकर विभाग को भेजी थी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 4 मार्च। बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 24 (3) के तहत राजस्थान पुलिस द्वारा पहली बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतापगढ़ जिले के आदतन अपराधी जानशेर खान पुत्र शेरनवाज निवासी अखेपुर की बगवास स्थित 12 करोड़ रुपये बाजार मूल्य की अवैध सम्पत्ति कुल 6.74 हैक्टर कृषि भूमि के विभिन्न खसरों को आयकर विभाग की मार्फत फ्रिज करवा दिया है। आयकर विभाग द्वारा प्रतापगढ़ तहसीलदार व सब रजिस्ट्रार को निर्देशित किया गया है कि जानशेर और उसके साथियों की प्रॉपर्टी किसी भी सूरत में ट्रांसफर नहीं हो सके, यह सुनिश्चित किया जाए।

प्रतापगढ़ के प्रतिष्ठित व्यक्ति ने कर ली थी आत्महत्या

महानिरीक्षक पुलिस (अपराध एवं सतर्कता) श्री प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि मुस्तफा बोहरा प्रतापगढ़ शहर के एक नामी प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। कुछ लोग अवैध रूप से रूपये वसूलने के लिए उन्हें और परिवार को जान से मारने की धमकिया देकर आये दिन परेशान करते थे। इन्होंने मुस्तफा बोहरा के साथ जमीनों की खरीद व विक्रय के लिए सौदे किये, लेकिन खरीदी हुई जमीनों की रजिस्ट्री करवा कर जमीनों का भुगतान नहीं किया। डरा धमका कर खाली चैक व स्टाम्प्स पर भी हस्ताक्षर करवा लिए।

सुसाईड नोट-मृत्युपूर्व स्टेटमेंट में धमकी व परेशान करने का लगा था आरोप

आरोपियों ने बोहरा की जमीनों पर भी कब्जा करना शुरू कर दिया था। परेशान होकर मुस्तफा बोहरा ने 30 अगस्त 2023 की सुबह विषाक्त सेवन कर लिया। परिजन तुरंत उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। सूचना मिलते ही तत्कालीन एसपी अमित कुमार के निर्देश पर कोतवाली एसएचओ भगवान लाल अस्पताल पहुंचे। वीडियो ग्राफी करवा मृत्यु पूर्व कथन दर्ज किए गए। सुसाईड नोट, मृत्युपूर्व स्टेटमेंट एवं वीडियोग्राफी में जानशेर खान सहित अन्य अभियुक्तों द्वारा काफी परेशान करने के कारण बोहरा ने सुसाईड करना बताया।

आदतन अपराधी है जानशेर

मुल्जिम जानशेर तथा उसके साथियों को पुलिस ने 31 अगस्त,2023 को गिरफ्तार किया गया था। जानशेर खान प्रतापगढ़ जिले के थाना कोतवाली का आदतन अपराधी है। इसी अनुसंधान के क्रम में यह तथ्य भी सामने आये कि अभियुक्त जानशेर ने प्रतापगढ़ में कई सारे निर्दोष लोगों के साथ धोखाधडी करके एवं अवैध धन्धों से कई करोड़ों की सम्पतियां अर्जित कर अलग-अलग लोगों के नाम करा रखी है।

निवर्तमान एसपी अमित कुमार ने बनाया 10 बेनामी प्रोपर्टी का लेखा जोखा

इस प्रकरण में 28 दिसम्बर 2023 को निवर्तमान एसपी हाल डीसीपी वेस्ट जयपुर अमित कुमार द्वारा जानशेर की 10 बेनामी प्रोपर्टियों का लेखा जोखा तैयार कर सभी साक्ष्यों के साथ जॉइंट कमिश्नर आयकर विभाग (बेनामी निषेध) को एक इस्तगासा भेजा गया था। जिसमें प्रतापगढ़ में करीब 12 करोड़ की कृषि भूमि जानशेर ने अपने सहयोगी बसंती लाल मीणा, राधेश्याम मीणा व सरमथ मीणा, भग्गाराम के नाम पर खरीदी है। जिसके खसरा नम्बर 466, 501, 509 होकर कुल रकबा 6.74 हैक्टर है। उक्त कृषि भूमि पर वर्तमान मे जानशेर खान का ही कब्जा है। उक्त भूमि के सम्बन्ध में संयुक्त खातेदार किशोर मीणा के कथनों से प्रमाणित है।

चार लोगों को भेजा नोटिस

इनकम टैक्स द्वारा उक्त प्रोपर्टीयो के संबंध में चार उन लोगों के नाम नोटिस भेजा है जिनके नाम जानशेर ने संपत्ति दर्ज करवाई थी। इसके तहतबसन्ती लाल मीणा निवासी वार्ड नम्बर 2 अखेपुर, राधेश्याम मीणा पुत्र शंकर लाल निवासी मीनो का मोहल्ला अखेपुर, भग्गाराम मीणा पुत्र वक्ताराम निवासी 35 छोटा धामनिया तहसील अरनोद एवं सरमथ लाल मीणा पुत्र मोहन लाल निवासी सानोती कुल थाना प्रतापगढ को नोटिस भिजवाया गया है।

तहसीलदार व सब-रजिस्ट्रार को किया निर्देशित

आयकर विभाग ने उक्त सभी की प्रोपर्टीयो को बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 24 (3) के तहत फ्रीज कर प्रतापगढ तहसीलदार व सब-रजिस्ट्रार को इनकी प्रोपर्टीयो का हस्तानान्तरण किसी भी हालात में नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

RBSE 10वीं-12वीं के पेपर स्टूडेंट्स तक पहुंचाने की वीडियोग्राफी होगी: 20 लाख छात्र-छात्राएं एग्जाम में बैठेंगे, 6187 सेंटर बनाए; स्कूल ड्रेस में ही आने के निर्देश



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं-12वीं परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू हो जाएंगी। इन परीक्षाओं के लिए 19 लाख 98 हजार 509 स्टूडेंट्स ने आवेदन किए हैं। इसके लिए 6187 सेंटर बनाए गए हैं। 10वीं के एग्जाम 4 अप्रैल और 12वीं एग्जाम 9 अप्रैल तक चलेंगे। बोर्ड ने इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। बोर्ड सचिव कैलाश चंद शर्मा ने बताया- राज्य के सभी संवेदनशील, अतिसंवेदनशील और चयनित परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न-पत्रों की अलमारी से प्रश्न-पत्र निकालने से लेकर केन्द्र पर लिफाफे खोलने, वितरण करने एवं परीक्षा की प्रतिदिन वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इसके अलावा सीसीटीवी से निगरानी के अतिरिक्त अन्य जिलों में किसी एक उड़नदस्ते से रोजाना रोटेशन से वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी की गई है। छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस में ही आने के भी निर्देश दिए गए हैं।

शर्मा ने बताया- बोर्ड का केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष एक मार्च से शुरू कर दिया गया है। यह एग्जाम चलने तक 9 अप्रैल तक 24 घंटे कार्यरत रहेगा। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0145-2632866, 2632867, 2632868 पर संपर्क किया जा सकता है।

गहलोत बोले- अन्नपूर्णा रसोई योजना को कमजोर कर रही सरकार

कहा- कांग्रेस राज की इंदिरा रसोइयों की विदेशी तक तारीफ करते थे



24 न्यूज अपडेट

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने अन्नपूर्णा रसोइयों में अव्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए सरकार पर तंज कसा है। गहलोत ने सरकार पर सस्ता खाना उपलब्ध करवाने की इस योजना को धीरे-धीरे कमजोर करने का आरोप लगाया है।

गहलोत ने एक्स पर लिखा- कोई भूखा न सोए की भावना के साथ हमारे कार्यकाल में इंदिरा रसोई की शुरुआत की गई थी। भाजपा सरकार आने के बाद इस योजना का नाम बदल कर अन्नपूर्णा योजना कर दिया। नाम बदलने के बाद इस योजना को मजबूत करने का संकल्प करना चाहिए था, लेकिन इसे धीरे-धीरे कमजोर किया जा रहा है।

गहलोत ने आगे लिखा- मुझे याद है कि हमारे कार्यकाल में विदेशी पर्यटकों ने जोधपुर में इन्दिरा रसोइयों की तारीफ की थी। यहां विदेशी पर्यटकों का भोजन करना एक आम बात हो गई थी। अब भाजपा सरकार में यहां किसी रसोई में खाना नहीं है तो कहीं पर गंदगी है। ठंडा भोजन परोस रहे हैं। इस वजह से आने वाले लोग निराश हो रहे हैं। गहलोत ने लिखा- यह योजना गरीब और मध्यम वर्ग को कम दाम में अच्छा भोजन उपलब्ध करवाने की थी। मुख्यमंत्री को इस योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग करनी चाहिए और इस योजना को निखारना चाहिए।

वसुंधरा सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई थी अन्नपूर्णा रसोई योजना

वसुंधरा राजे सरकार के वक्त अन्नपूर्णा योजना शुरू की गई थी। इस योजना को लेकर खूब सियासत हो चुकी है। कांग्रेस राज में इस योजना को इंदिरा रसोई योजना के नाम से चलाया। इस योजना का नाम बदलने पर बीजेपी ने उस वक्त कांग्रेस को निशाने पर लिया था। सीएम भजनलाल शर्मा ने 15 दिसम्बर 2023 को शपथ के साथ प्रदेश की सत्ता संभाली थी। सत्ता संभालने के करीब 20 दिन बाद 5 जनवरी 2024 को ही उन्होंने इंदिरा रसोई योजना का नाम बदलकर श्री अन्नपूर्णा योजना करने की घोषणा कर दी थी।

एसडीआरएफ की कार्रवाई : थाना श्याम नगर अन्तर्गत द्रव्यवती नदी में डूबी 14 वर्षीय किशोरी का शव किया बरामद



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 04 मार्च। जयपुर आयुक्तालय के थाना श्याम नगर क्षेत्र स्थित द्रव्यवती नदी में डूबी मूलतः बिहार के दरभंगा हाल देवी नगर थाना श्याम नगर जयपुर निवासी शंकर यादव की 14 साल की बेटी मुस्कान के शव को एसडीआरएफ जयपुर की टीम ने बरामद कर लिया है।

कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि मंगलवार सुबह 11:15 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम, जयपुर आयुक्तालय से एसडीआरएफ कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि थाना श्याम नगर अन्तर्गत द्रव्यवती नदी में एक किशोरी डूब गई है। सूचना पर उन्होंने राजस्थान विधानसभा में तैनात एसडीआरएफ एच कम्पनी रेस्क्यू टीम के प्रभारी हैड कांस्टेबल मोहन लाल को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए।

रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ प्रातः 11:40 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर किशोरी के शव की तलाश के प्रयास स्थानीय प्रशासन एवं सिविल डिफेन्स की रेस्क्यू टीम द्वारा की जा रही थी। द्रव्यवती नदी की चौडाई 100 मीटर तथा गहराई करीब 20 फीट है।

टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों राजेश, रायसिंह, परमानन्द, सुनिल, सियाराम, महेश, सन्तोष, ऊषा देवी व अनिता ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। टीम कमाण्डर के निर्देश पर टीम के जवानों ने रेस्क्यू रोप एवं बिलाई की मदद से गहन सर्च किया। अल्प समय में ही दोपहर 12:00 बजे रेस्क्यू टीम को सफलता मिली। टीम ने द्रव्यवती नदी में डूबी किशोर मुस्कान यादव के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।

डोटासरा बोले-माफिया 'पुष्पा' बनकर अवैध-खनन की रील्स अपलोड कर रहे

जूली ने लिखा- भाजपा का राज मतलब माफियाओं का राज; कर्मचारियों पर हमले हो रहे



24 न्यूज अपडेट

हाईकोर्ट में सीबीआई का अवैध खनन की जांच से इनकार और पुलिस से सहयोग नहीं मिलने की बात कहने को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार पर तंज कसा है। डोटासरा ने कहा है कि माफिया 'पुष्पा' बनकर अवैध खनन की रील्स अपलोड करके कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। वहीं, जूली ने कहा- भाजपा का राज मतलब माफियाओं का राज। **डोटासरा ने एक्स पर लिखा**-राजस्थान में अवैध खनन और बजरी की लूट के लिए कोर्ट, कानून और नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्रदेश के पहरेदार ही हिस्सेदार बनकर माफियाओं से राज्य को छलनी करा रहे हैं। राजस्थान की संपदा लूट रहे हैं।

हर दिन 7 करोड़ की बजरी चोरी हो रही

डोटासरा ने लिखा- सरकार के कैबिनेट मंत्री कहते हैं कि राज्य में हर दिन 7 करोड़ की बजरी चोरी हो रही है। माफिया 'पुष्पा' बनकर अवैध खनन की रील्स अपलोड करके कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। वन विभाग के कर्मचारी और पुलिसकर्मी माफियाओं का निशाना बन रहे हैं। और ये सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि माफियाओं को भाजपा सरकार से संरक्षण प्राप्त है, जो अब पूरी तरह उजागर हो चुका है।

जूली बोले- भाजपा सरकार माफियाओं के आगे नतमस्तक हो गई है

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एक्स पर लिखा- भाजपा राज का मतलब माफियाओं का राज। बूंदी में अवैध खनन रोकने गए वन कर्मियों पर कुल्हाड़ी और रॉड से हमला हुआ, राजस्थान में अवैध खनन की लूट के लिए कोर्ट, कानून और नियमों की धज्जियां उड़ रही है। हाईकोर्ट कह रहा है पुलिस और खान विभाग की शह पर अवैध खनन हो रहा है। कोर्ट ने जांच CBI को सौंपी तो अब CBI कह रही है, राजस्थान पुलिस सहयोग नहीं कर रही, गृह मंत्री जी मौन हो गए।

जूली ने लिखा- भाजपा राज में अवैध खनन और बजरी माफियाओं ने खुली लूट मचा रखी है, लेकिन सरकार चुप है। माफियाओं को इस लूट-खसोट में सरकार का पूरा संरक्षण मिल रहा है, अधिकारी पिट रहे हैं। माफियाओं का जंगलराज चल रहा है।

SMS से RUHS जाने के विरोध में रेजिडेंट्स डॉक्टर्स: प्रिंसिपल और एडमिनिस्ट्रेशन को पत्र देकर यूनिट शिफ्ट करने का जताया विरोध; कहा- PG के लिए SMS चुना न की RUHS



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज (RUHS) को रिम्स बनाने के लिए सरकार ने तैयारियां तो शुरू कर दी, लेकिन उसकी अस्थायी व्यवस्था (रोटेशन सिस्टम) के खिलाफ डॉक्टर फेकल्टी और रेजिडेंट्स विरोध में आ गए है। आज SMS मेडिकल कॉलेज के रेजीडेंट्स डॉक्टर्स ने प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी और अतिरिक्त प्रिंसिपल (अकेडमिक इंचार्ज) डॉ. मोनिका जैन को पत्र लिखकर कॉलेज से हर एक डिपार्टमेंट की यूनिट को शिफ्ट करने का विरोध जताया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर शिफ्टिंग की गई तो रेजीडेंट्स इसके विरोध में आंदोलन पर जाएंगे। दरअसल पिछले दिनों रिम्स की बोर्ड बैठक में ये निर्णय किया, कि RUHS को रिम्स की तर्ज पर विकसित करने और संचालन करने के लिए SMS मेडिकल कॉलेज से हर डिपार्टमेंट की एक-एक यूनिट को रोटेशन पर RUHS में लगाया जाएगा। इसके आदेश सरकार से जारी होने के बाद SMS प्रशासन ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी। SMS मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने एक आदेश जारी कर हर डिपार्टमेंट के एचओडी को अपने-अपने यहां से एक-एक यूनिट को RUHS शिफ्ट करने के लिए कहा है। इसी के विरोध में आज रेजीडेंट्स ने विरोध जताया है। रेजीडेंट्स का कहना है, जब NEET पीजी में अच्छे मार्क्स हासिल किए और काउंसलिंग में हमने SMS मेडिकल कॉलेज को चुना है तो फिर RUHS में क्यों लगाया जा रहा है?

एक-एक महीने के लिए रोटेशन पर शिफ्ट होगी यूनिट

आदेश के मुताबिक हर डिपार्टमेंट (जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक,पीडियाट्रिक, गायनेकोलॉजी) को एक-एक माह के लिए अपनी एक-एक यूनिट को शिफ्ट करने के लिए कहा है। इस शिफ्टिंग में यूनिट हैड के साथ पूरी टीम और रेजीडेंट्स को शिफ्ट RUHS लगाया गया है।

सुपर स्पेशियलिटी की जरूरत- RUHS को एम्स की तर्ज पर रिम्स बनाया जा रहा है। यहां सुपर स्पेशियलिटी के डॉक्टर्स और उनकी यूनिट होना जरूरी है। लेकिन सरकार ने रिम्स में सुपर स्पेशियलिटी प्रोफेसर की भर्ती करने के बजाए SMS से फेकल्टी और रेजीडेंट्स को लगाकर काम चलाने का फैसला किया है। हालांकि जो यूनिट RUHS शिफ्ट की जा रही है, वे यूनिट वहां पहले से संचालित है, जबकि जरूरत वहां सुपर स्पेशियलिटी (कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गेस्ट्रोलॉजी, यूरोलॉजी) यूनिट संचालन की है।

16 साल बाद पेट से निकला एक रुपए का सिक्का, एंडोस्कोपी से 30 मिनट में हुआ ऑपरेशन



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, अजमेर। अजमेर में डॉक्टरों ने 16 साल पुराने एक रुपए के सिक्के को युवती के पेट से सफलतापूर्वक निकाल लिया। यह सिक्का युवती ने बचपन में खेलते समय निगल लिया था, लेकिन तब किसी परेशानी के अभाव में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। मामला तब सामने आया जब एमआरआई के दौरान उसे पेट में असहजता महसूस हुई।

एमआरआई कराने पर हुआ खुलासा

20 वर्षीय युवती अजमेर के एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में एमआरआई टेक्नीशियन के रूप में काम कर रही थी। ड्यूटी के दौरान जब उसने खुद की डत्प् करवाई, तो उसे पेट में खिंचाव और दर्द महसूस हुआ। डॉक्टरों से परामर्श लेने के बाद किए गए एक्स-रे में पता चला कि उसके पेट में एक सिक्का फंसा हुआ है।


एंडोस्कोपी से निकाला गया सिक्का

सोमवार (3 मार्च) को जेएलएन अस्पताल के गेस्ट्रोलॉजी विभाग में एंडोस्कोपी मशीन की मदद से सिक्का निकाला गया। यह पूरी प्रक्रिया मात्र 30 मिनट में पूरी हुई। आमतौर पर निजी अस्पतालों में इस ऑपरेशन का खर्च 25,000 रुपये तक होता, लेकिन मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के तहत यह निशुल्क किया गया। 16 साल तक सिक्का पेट में रहने से हो सकता था बड़ा खतरा गेस्ट्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमपी शर्मा के अनुसार, इतने लंबे समय तक सिक्का पेट में रहने से आंतों में घाव, अल्सर और रक्तस्राव जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती थीं। डत्प् मशीन के प्रभाव से आंतें फटने का भी खतरा था, जिससे मरीज की जान को भी जोखिम हो सकता था।

बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें

डॉक्टरों ने अभिभावकों को सलाह दी है कि छोटे बच्चों को सिक्के, कंचे, चुंबक और अन्य छोटी वस्तुओं से दूर रखा जाए। यदि कोई बच्चा गलती से ऐसी कोई चीज निगल ले, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें, ताकि किसी गंभीर स्थिति से बचा जा सके।

जनेऊ विवाद राजकुमार रोत का सरकार पर हमला, निलंबन को बताया अन्याय



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। जनेऊ विवाद पर सियासत तेज हो गई है। राजस्थान में रीट परीक्षा के दौरान दो अभ्यर्थियों की जनेऊ उतरवाने के मामले में सरकार ने महिला सुपरवाइजर और पुलिस कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई के विरोध में भारतीय आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार रोत ने सरकार पर निशाना साधते हुए इसे अन्याय बताया और निलंबित कर्मचारियों की तत्काल बहाली की मांग की है। राजकुमार रोत ने कहा कि सरकारी आदेशों की पालना करना कर्मचारियों के लिए गुनाह बन गया है। कर्मचारियों का निलंबन अन्यायपूर्ण है और सरकार को उन्हें तुरंत बहाल करना चाहिए। क्या अब जाति और धर्म देखकर न्याय किया जाएगा? कर्मचारियों को नियमों का पालन करने की सजा दी गई है। राजस्थान में 3 मार्च को आयोजित रीट परीक्षा के दौरान डूंगरपुर जिले के एक परीक्षा केंद्र में दो ब्राह्मण अभ्यर्थियों को जनेऊ उतारने के बाद ही परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेशभर में विवाद खड़ा हो गया। इस मुद्दे को कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने विधानसभा में उठाया और इसे भजनलाल सरकार की विफलता करार दिया। ब्राह्मण संगठनों और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने इसे धार्मिक आस्था के खिलाफ कार्रवाई बताते हुए जोरदार विरोध किया। बढ़ते विवाद के बाद डूंगरपुर जिला प्रशासन ने मामले की जांच कराई और महिला सुपरवाइजर एवं पुलिस कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष प्यारेलाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण अभ्यर्थियों की जनेऊ उतरवाने की घटना निंदनीय है। हम इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरकार का फैसला सही है, लेकिन आदिवासी पार्टी इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देकर ब्राह्मण समाज के साथ अन्याय कर रही है। सर्व ब्राह्मण महासभा ने इसे सनातन संस्कृति का अपमान बताते हुए प्रदर्शन की चेतावनी दी है। सरकार के निलंबन आदेश के बाद मामला और गरमा गया है। जहां ब्राह्मण संगठनों ने प्रशासन के फैसले का समर्थन किया है, वहीं आदिवासी संगठन कर्मचारियों की बहाली की मांग कर रहे हैं। अगर कर्मचारियों की बहाली नहीं हुई तो आदिवासी संगठनों द्वारा आंदोलन किया जा सकता है। भाजपा सरकार पर जातिगत संतुलन बनाए रखने और निष्पक्ष निर्णय लेने का दबाव बढ़ गया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाती है और क्या कर्मचारियों की बहाली की जाती है या नहीं।

ब्लैकमेल कर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को किया गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा : राजस्थान में भीलवाड़ा शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की के साथ एक वर्ष पूर्व कैफे ले जाकर अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. कोतवाली थाना प्रभारी सीआई गजेंद्र सिंह नरूका ने कहा कि कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने रविवार रात थाने में उपस्थित होकर एक रिपोर्ट पेश की.

रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि मार्च 2024 में शहर के एक कैफे में अशरफ व उसके दोस्त सनवीर ने जबरन नशीला पदार्थ पिलाकर अलग-अलग समय उसके साथ दुष्कर्म किया. इस दौरान उन्होंने अश्लील फोटो-वीडियो भी बना लिए. इन फोटो-वीडियो को आरोपी युवक अपने दोस्तों को शेयर कर दिए. उसके बाद दोस्तों ने भी उस फोटो- वीडियो को युवती को दिखाकर दुष्कर्म किया. युवती की रिर्पोट पर कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 70(1), 64(2)(एम), 75(2),351(3) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की. मामले की गंभीरता को देखते हुए भीलवाड़ा एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया. टीम ने टेक्निकल डाटा व सूचना कलेक्शन कर शहर के कई स्थानों पर दबिश दी. इस दौरान सोमवार देर शाम तक 8 आरोपियों को धर दबोचा. 20 वर्षीय अशरफ, 23 वर्षीय सनवीर, 30 वर्षीय शाहरुख, 22 वर्षीय सोयबनूर मोहम्मद, 24 वर्षीय फैजान गौरी, 24 वर्षीय सोहेब शेख, 25 वर्षीय खालिद और 31 वर्षीय आमिर खान को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

आरोपियों की पैरवी नहीं करने का फैसला : भीलवाड़ा जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष राजेश शर्मा व महासचिव रामपाल शर्मा ने पत्र जारी कर कोतवाली थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की घटना के मामले में अपना वक्तव्य जारी किया. उन्होंने कहा कि यह घृणित अपराध में मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सभी बार एसोसिएशन से जुड़े सदस्यगण कोतवाली थाने में दर्ज एफआईआर में प्रतिकूल पैरवी नहीं कर संस्था को सहयोग प्रदान करें.

आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली-पानी की व्यवस्थाएं रखें चाकचौबंद : जिला कलक्टर संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 मार्च। जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इसमें 30 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। जिला कलक्टर ने कहा कि लंबित प्रकरणों के निस्तारण में अपेक्षाकृत तेजी आई, लेकिन अभी भी इसमें काफी गुंजाइश है। अधिकारी गंभीरता से कार्य करते हुए परिवेदनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने प्रकरणों के निस्तारण की औसत समय-सीमा को 15 दिन से कम तक लाने के लिए सभी को गंभीरता से प्रयास करने की हिदायत दी।

जिला कलक्टर ने पेयजल तथा बिजली संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर सभी तरह की व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों से स्वीकृत हैण्डपंप एवं नलकूप की प्रगति की जानकारी लेते हुए 31 मार्च तक शत प्रतिशत कार्य कराने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई। साथ ही बजट घोषणाओं 2025-26 की क्रियान्विति संबंधी फीडबैक भी लिया। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार बजट घोषणाओं की समय पर क्रियान्विति के लिए गंभीर है। सभी अधिकारी इसे प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करावें। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, सीईओ जिला परिषद रिया डाबी, गिर्वा एसडीएम सुनीता कुमारी सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

टीएसपी क्षेत्र से समायोजित शिक्षकों ने की गृह जिले में जाने की मांग



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। राजस्थान पंचायती राज्य एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान के नेतृत्व में जनजाति आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर पूर्व में टीएसपी क्षेत्र से नॉन टीएसपी क्षेत्र में समायोजित किए गए 1903 शिक्षकों व शेष समायोजन से वंचित 1172 शिक्षको ने गृह जिले में समायोजित करने की मांग की । गत वर्ष राज्य सरकार द्वारा इन 1903 शिक्षकों को उदयपुर संभाग के नॉन टीएसपी क्षेत्र में समायोजित किया गया था लेकिन अधिकांश शिक्षकों के पद नहीं होने के कारण आज भी अधिशेष चल रहे हैं , अधिशेष होने के कारण इन शिक्षकों को ना तो समय पर वेतन मिल पा रहा है नहीं किसी भी प्रकार का ऑनलाइन आवेदन नहीं होने के कारण किसी भी प्रकार का परिलाभ नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती प्रक्रियाधीन है जिसमें स्थानीय युवाओं को उदयपुर संभाग से बाहर जाना पड़ेगा क्योंकि टी एस पी क्षेत्र से समायोजित हुए शिक्षकों द्वारा विद्यालय में पद रिक्त नहीं होने के बावजूद भी पद विरुद पदस्थापन कर दिया गया था। जिससे स्थानीय युवाओं में भारी रोष व्याप्त है। अतः इस के ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों द्वारा सरकार से निवेदन किया गया कि उन्हें उनके गृह जिले में समायोजित किया जाए । साथ ही टीएसपी क्षेत्र शिक्षक के जो मूल निवासी शिक्षक जो प्रदेश के अन्य नॉन टीएसपी क्षेत्र में पदस्थापित है उनको भी पूर्व की भांति बालक हीत में टीएसपी क्षेत्र में समायोजित किए जाने की संगठन द्वारा मांग की गई द्य ज्ञापन के दौरान राजस्थान पंचायती राज्य एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन व्यास, उदयपुर जिला अध्यक्ष सतीश जैन , राम अवतार गुर्जर, सुभाष बिश्नोई, नरेंद्र अवाना , नरेश राव, हितेन्द दवे, सुनील , अमित कल्याण, भानु प्रताप सिंह , सुनीता शर्मा, सीमा शर्मा, गार्गी चौधरी, बबीता चौधरी आदि मौजूद रहे।

जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन, दिए आवश्यक निर्देश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 मार्च। जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक जिला कलेक्टर के निर्देशन में मंगलवार को एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में डिओआईटी वीसी कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में एडीएम ने जिले में विभिन्न रजिस्ट्रार के अधीन संचालित आधार केन्द्रों की वर्तमान स्थिति एवं नवीन आधार केन्द्रों की स्थापना की समीक्षा की उन्होंने समस्त आधार रजिस्ट्रार को उनके अधीन अक्रियाशील मशीनों को राज्य स्तर से समन्वय स्थापित कर क्रियाशील करवाने हेतु निर्देशित किया तथा जिले के समस्त ब्लॉक में आधार नामांकन केन्द्रों की संख्या बढाने, रजिस्ट्रार के आधीन समस्त आधार केन्द्रों का समय-समय पर निरीक्षण करने एवं नियमानुसार कार्य करने हेतु आधार ऑपरेटरों को पाबंद करने संबंधित आवश्यक निर्देश प्रदान किये। एडीएम राठौड़ ने कहा की जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहे फार्मर्स रजिस्ट्री शिविरों में आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट करने की सेवाएं प्रदान करें जिससे किसानों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने जिले में ब्लॉकवार विभिन्न बैंक शाखाओं में आधार मशीनें सुचारु करने को कहा। इस अवसर पर एडीएम ने पोस्ट पेमेंट बैंक के अलावा अन्य सभी रजिस्ट्रार की आधार मशीनें अपेक्षित रूप से सक्रिय नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। एडीएम ने कहा कि समस्त आधार ऑपरेटरों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण भी मुहैया करवाएं।

उन्होंने राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं में आधार की उपयोगिता होने की बात कहते हुए समस्त आधार रजिस्ट्रार को निर्देशित किया कि वे आमजन को आधार नामांकन एवं आधार अद्यतन हेतु प्रेरित करे। उन्होंने जिले के विभिन्न आधार सेवा केन्द्रों के नियमित निरीक्षण एवं आधार केन्द्रों पर यूआईडीएआई से निर्धारित सेवा शुल्क सूची चस्पा करने हेतु निर्देश प्रदान किये। इसके अलावा आमजन को आधार संबंधित समस्या होने पर आधार सेवाओं हेतु उपलब्ध हेल्पलाईन नम्बर 1947 एवं पोर्टल माय आधार.यूआईडीएआई.जीओवी.इन से भी अवगत करवाये जाने हेतु निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम शहर वार सिंह, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की संयुक्त निदेशक पूजा साहू सहित विभिन्न आधार रजिस्ट्रार (इंडियन पोस्ट पेमेन्ट, डाक विभाग, जिला अग्रणी बैंक, शिक्षा विभाग, महिला, बाल विकास विभाग एवं कॉमन सर्विस सेन्टर) के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

फिल्म 'मैंने प्यार किया' फेम एक्ट्रेस भाग्यश्री पहुंची उदयपुर, बोलीं- राजस्थान से है खास लगाव, कारीगरों के लिए लॉन्च करेंगी वेबसाइट



24 न्यूज अपडेट

फिल्म 'मैंने प्यार किया' से लोकप्रियता हासिल करने वाली अभिनेत्री भाग्यश्री मंगलवार को उदयपुर पहुंचीं। वे यहां कुछ समय रुकने के बाद जवाई नेशनल पार्क घूमने के लिए रवाना हो गईं। इस दौरान उनके साथ उनके पति हिमालय दासानी और बेटे अभिमन्यु दासानी भी मौजूद थे।

राजस्थान से गहरा जुड़ाव, खुद को बनाना चाहती हैं ब्रांड एंबेसडर

भाग्यश्री ने उदयपुर की खूबसूरती की तारीफ करते हुए कहा कि यह शहर दुनियाभर के पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण है। यहां शादियां बेहद भव्य और शाही अंदाज में होती हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान से उनका विशेष जुड़ाव है क्योंकि उनकी ससुराल यहीं है। उन्होंने अपनी इच्छा जताई कि वे चाहती हैं कि उन्हें राजस्थान का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाए।

अगली फिल्म की शूटिंग के लिए जाएंगी लंदन

भाग्यश्री से जब फिल्मों में ब्रेक और आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि वे इन दिनों डायरेक्टर रीतेश के साथ काम कर रही हैं। वे अपनी अगली फिल्म की शूटिंग के लिए जल्द ही लंदन जाएंगी, हालांकि उन्होंने फिल्म के नाम का खुलासा नहीं किया।

कारीगरों को मिलेगा बढ़ावा, लॉन्च करेंगी 'हमारा अपना' वेबसाइट

भाग्यश्री ने कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई पहल की घोषणा की। उन्होंने बताया कि वे अगले महीने 'हमारा अपना' नाम की एक वेबसाइट लॉन्च करेंगी, जिसका उद्देश्य राजस्थान समेत पूरे देश के कारीगरों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उनकी कलाकृतियां बेचने में सहायता करना है।

इस वेबसाइट के जरिए कारीगर अपनी हस्तशिल्प वस्तुएं ऑनलाइन अपने निर्धारित मूल्य पर बेच सकेंगे, जिससे उन्हें पूरा लाभ मिलेगा और किसी भी प्रकार के बिचौलियों की भूमिका नहीं होगी। भाग्यश्री ने कहा कि तकनीकी युग में हस्तकला धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है, और इस पहल के माध्यम से वे इस कला को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही हैं।

लाइनमैन दिवस सम्मान समारोह विद्युत कर्मियों का हुआ सम्मान, हनुमान सिंह मीणा राष्ट्रस्तर एवं गब्बर सिंह व हेमराज मीणा वृत्त स्तर पर सम्मानित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 मार्च। भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के दिशा-निर्देशानुसार एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में उदयपुर सर्किल के तत्वावधान में लाइनमैन दिवस सम्मान समारोह मंगलवार को पटेल सर्किल स्थित निगम सभागार में मनाया गया। संभागीय मुख्य अभियंता आई. आर. मीणा के नेतृत्व में कार्यालय सहायक अभियन्ता (पवस) खेरवाड़ा के तकनीशियन गब्बर सिंह व कार्यालय सहायक अभियन्ता (पवस) झाड़ोल के तकनीशियन हेमराज मीणा को निगम हित, उपभोक्ता संतुष्टि एवं बेहतर कार्यशैली के लिये वृत्त स्तर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कार्यालय सहायक अभियन्ता (पवस) अंबामाता के तकनीशियन हनुमान सिंह मीणा को भारत सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

संभागीय मुख्य अभियंता आई.आर. मीणा ने समस्त निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप दिन-प्रतिदिन के कार्यो का निष्पादन करने के निर्देश दिये एवं उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों को जमीनी स्तर पर पहुंचा कर पात्र आमजन को लाभान्वित किया जाना चाहिये। इस कार्यक्रम में निगम के अधिशाषी अभियन्ता गण, लेखा अधिकारी आदि ने भी विचार रखे। उदयपुर वृत्त कार्मिक अधिकारी डॉ. कादंबरी जैन ने बताया कि आगामी माह अप्रैल 2025 में तकनीकी कर्मचारियों का वृहद् सम्मेलन प्रस्तावित है। संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी श्रीमती श्रद्धिमा सेन ने किया।

आरएनटी क्रिकेट प्रीमियर लीग का पोस्टर विमोचन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर।गत दिनों चतुर बाग में 2016 बेच नर्सिंग अधिकारियों के 9 वर्ष पुर्ण होने के अवसर पर आयोजित नर्सेज सम्मेलन में आरएनटी क्रिकेट प्रीमियर लीग़ का पोस्टर विमोचन किया गया।

राजस्थान नर्सेज यूनियन के ज़िलाध्यक्ष हितेश लबाना एवं सचिव ग़ुलाम नबी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा थे। विशिष्ट अतिथि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य सुशील जैन, समाजसेवी दिलीप सिंह सिसोदिया , राजस्थान नर्सेज यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष देवाराम चौधरी ,जीवनदान चारण , नर्सिंग अधीक्षक गीता अहारी, ओम जोशी,अमीन खान पठान ,जितेन्द्र भटनागर एवं भगवान सिंह गहलोत थे। यह प्रतियोगिता राजस्थान नर्सेज यूनियन द्वारा आयोजित की जाएगी।जिसकी तारीख़ की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। हंसराज मीणा और भोम सिंह ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार प्लेयर भी मेहमान नवाजी करेंगे। कार्यक्रम में अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत आमेटा, नरेश पूर्बिया एव सभी जिलों के जिलाध्यक्ष थे। कार्यक्रम का संचालन योगेश उपाध्याय और शाहीन बानो ने किया।राजस्थान नर्सेज यूनियन के हितेश लबाना,गुलाम नबी,हंसराज मीणा,प्रेम अहारी, भोमसिंह मीणा,जितेंद्र सालवी, देवी लाल मनात,सचिन वैष्णव,गौरव सिंह राठौड़, दिलीप यादव,प्रशांत सोनी ,मनीष जीनगर ,महेंद्र अहारी,दिनेश डामोर,शीतल भनात,चंदा गहलोत सहित सैकड़ों अनेक नर्सिंग अधिकारीयों ने भाग लिया ।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।